एक नजर में

## देऊळबंद 2 का प्रदर्शन सानंद सदस्यों के लिए आज से


प्रवीण तरडे स्नेहल तरडे मोहन जोशी

इंदौर. स्वामी विचारधारा को समृद्ध करता सिनेमा देऊळबंद 2 का प्रदर्शन आगामी 11-12 जुलाई को सानंद न्यास के पांच दर्शक समूहों के लिए स्थानीय लोकमाता देवी अहिल्या सभागृह, विश्वविद्यालय परिसर, खंडवा रोड इंदौर में होगा. सानंद न्यास के अध्यक्ष जयंत भिसे एवं मानद सचिव संजीव वावीकर ने बताया कि मराठी सिनेमा अपनी उत्कृष्ट कथावस्तु और सामाजिक सरोकारों के लिए सदैव जाना जाता रहा है. इसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए निर्देशक प्रवीण तरडे की बहुचर्चित फिल्म देऊळबंद 2 श्रद्धा, विश्वास, सामाजिक यथार्थ और मानवीय संवेदनाओं का सशक्त चित्रण प्रस्तुत करती है। अपनी प्रभावशाली कहानी, उत्कृष्ट निर्देशन और दमदार अभिनय के कारण यह फिल्म दर्शकों के हृदय में विशेष स्थान बनाने में सफल रही है. यह एक पारिवारिक एवं संदेशप्रधान फिल्म है, जिसे प्रदर्शित होने के बाद दर्शकों का भरपूर प्रेम मिला है तथा बॉक्स ऑफिस पर भी 100 करोड से अधिक का व्यवसाय उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है. सिनेमा का प्रदर्शन सानंद सदस्यों के लिये 11 जुलाई को रामूभैय्या दाते समूह- दोपहर 4 बजे, राहुल बारपुते समूह सायं 7.30 बजे तथा 12 जुलाई को मामा मुजुमदार समूह- प्रात: 10 बजे, वसंत% समूह दोपहर 4 बजे, बहार समूह- सायं 7.30 बजे, लोकमाता देवी अहिल्या सभागार विश्वविद्यालय परिसर, खंडवा रोड, इंदौर मे होगा.

## खजराना में अस्पताल की मांग को लेकर दिया ज्ञापन



इंदौर. अमर शहीद सआदत खां भागीरथ सिलावट मेमोरियल सोसायटी के सचिव आसिफ खान ने बताया कि सोसायटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद इकबाल खान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल में मध्यप्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट से मुलाकात कर खजराना क्षेत्र में 100 बिस्तरों का अस्पताल बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि जब तुलसीराम सिलावट स्वास्थ्य मंत्री थे, तब खजराना क्षेत्र के नागरिकों ने अनेको बार 100 बिस्तर अस्पताल की मांग की थी. 23 जून 2020 को प्रस्तावित अस्पताल के लिए 87 पदों (डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ) की स्वीकृति प्रदान की गई थी तथा रियाजुलूम मदरसे के सामने अस्पताल बनाने के लिए 10 करोड़ रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई थी. इसके बावजूद छह वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका. प्रतिनिधिमंडल में सोसायटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद इकबाल खान, भाजपा नेता अजय सेंगर, भाजपा नेता याकूब खान, रेहान खान, बाबू भाई, अनवर खान, आबिद भाई, इमरान खोकर एवं शाहिद अली सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.

## टैफिक पार्क में किया पौधारोपण



इन्दौर. ट्रैफिक पार्क रेडियो कालोनी में पर्यावरण संरक्षण के निमित वृक्षारोपण किया गया. मार्गिंग वॉक ग्रुप के पोस्ट मास्टर महेश कश्यप ने एक पेड़ माँ के नाम पर शीशम का पौधा लगाया. इस अवसर पर त्रिवेणी वृक्ष, बट वृक्ष, नीम, पीपल के वृक्ष लागए गए. सर्वश्री इंदरसिंह ठाकुर, भुजबल सिंह भदौरिया, संजयसिंह चैहान, बवन यादव, कोटियाजी, शर्माजी, महेश अग्रवाल, अरोड़ा जी आदि गणमान्यजनां ने वृक्षों की त्रिवेणी लगाई.

## नवीन निर्माण का शुभारंभ कल

इंदौर. श्री माहेश्वरी जनकल्याण ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री आनंदम के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए के द्वितीय चरण के नवीन निर्माण का शुभारंभ 12 जुलाई को किया जाएगा. इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति जितेन्द्र माहेश्वरी के कर-कमलों से प्रात: 1.15 बजे भूमि पूजन एवं निर्माण अनुष्ठान संपन्न होगा। इसके पश्चात प्रात: 11ः बजे सम्मान समारोह तथा स्नेह भोज आयोजित किया जाएगा. ट्रस्ट के ट्रस्ट के अध्यक्ष केदारमाल लखोटिया, सचिव सीए भारत सारडा ने बताया कि द्वितीय चरण में तीन नई मंजिलों पर 51 आधुनिक पूर्ण सुविधायुक्त अतिथि कक्षों का निर्माण किया जाएगा। निर्माण पूर्ण होने के बाद श्री आनंदम की आवासीय एवं आयोजन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए और अधिक आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी. प्रचार सचिव मुकेश कचोलिया ने बताया कि इस अवसर पर मिस यूनिवर्स 2026 की फाइनलिस्ट प्रतियोगी माहेश्वरी समाज की विशेष प्रतिभा श्रेया बिड़िया, ट्रस्ट के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले निवृत्तमान अध्यक्ष रामेश्वरलालजी असावा, फाउंडर ट्रस्टियों के साथ नवीन निर्माण के प्रमुख आर्थिक सहयोगी एवं लाभार्थी केदारमल- राजकांता जाखेटिया, पवन- किरण लड्ढा, अनिल- सुधा राठी एवं श्री दिलीप- श्रीमती ज्योति तोतला का भी सम्मान किया जाएगा. कार्यक्रम आनंदम भवन, तेजाजी नगर चौराहा, ग्रैंड शहनाई बायपास, इंदौर में आयोजित होगा.

## इलेक्ट्रिक दुकान का शटर उचकाकर डेढ़ लाख की चोरी

इंदौर. सियागंज इलेक्ट्रिक मार्केट स्थित एक दुकान का शटर उचकाकर बदमाश कॉपर वायर के बंडल और नकदी सहित करीब 1.50 लाख रुपए का माल चोरी कर ले गए. सेंट्रल कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.झ परदेशीपुरा में रहने वाले 37 वर्षीय आनंद जायसवाल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि महारानी रोड स्थित उनकी सहयोग इलेक्ट्रिकल्स दुकान का अज्ञात बदमाश ने शटर उचकाया और अंदर रखे कॉपर वायर के बंडल तथा गल्ले में रखे 15 हजार रुपए नकद चुरा लिए. चोरी गए सामान की कीमत करीब 1.50 लाख रुपए है. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

## जेब से नकदी, एटीएम, आधार कार्ड रखा पर्स उड़ाया

इंदौर. छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की जेब से अज्ञात बदमाश पर्स चोरी कर फरार हो गया. पर्स में नकदी के अलावा एटीएम और आधार कार्ड भी रखे थे. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. छोटा बांगड़दा में रहने वाले 64 वर्षीय महेश यादव ने शिकायत दर्ज कराई है कि कालका माता मंदिर के पास पेशाबघर के समीप एक अज्ञात व्यक्ति ने उनकी जेब से पर्स चोरी कर लिया. पर्स में 4 हजार रुपए नकद, बैंक ऑफ इंडिया का एटीएम कार्ड, उनका तथा उनके बेटे प्रवीण यादव का मूल आधार कार्ड रखा था. छोटी ग्वालटोली पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

## लिव-इन का झांसा देकर किया दुष्कर्म

इंदौर. भंवरकुआं पुलिस ने लिव इन रिलेशनशिप का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है. मूल रूप से ग्वालियर की रहने वाली 30 वर्षीय पीड़िता ने थाने पहुंचकर पुलिस को बताया कि वह वर्तमान में गर्ल्स हॉस्टल में रहती है. आरोपी ने उसे अपने साथ रिलेशनशिप में रहने का प्रस्ताव दिया और साथ रहने का भरोसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए. बाद में आरोपी ने उसके साथ रिलेशनशिप में रखने से इनकार कर दिया और बातचीत भी बंद कर दी. पीड़िता की शिकायत के आधार पर भंवरकुआं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# सिलिकॉन क्षेत्र में बदहाल सड़कें, बारिश में जाम और अव्यवस्था से लोग परेशान

**इंदौर. शहर के सिलिकॉन क्षेत्र में सड़कें जर्जर होने और यातायात दबाव बढ़ने से लोग परेशान हैं. मुख्य चौराहे की हालत इतनी खराब है कि बारिश के दौरान शाम को यहां अक्सर भारी जाम लग जाता है. कई बार वाहन निकालने तक की जगह नहीं बचती, जिससे राहगीरों को भी दिक्कत होती है.**



रहवासी दीपक पाटीदार ने बताया कि बारिश के बाद सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे वाहन चालकों को सड़क की वास्तविक स्थिति का अंदाजा नहीं लग पाता. उन्होंने कहा कि कई बार दोपहिया वाहन चालक फिसल चुके हैं और आए दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता पैदल चलने वालों को कीचड़ और जमा पानी से परेशानी होती है. मौके पर मौजूद एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने बताया कि इस समस्या को लेकर नगर निगम और पार्षद से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से सुनवाई नहीं हो रही, जिससे स्थिति जस की तस बनी हुई है. दीपक पाटीदार का कहना है कि यह इलाका दिनभर व्यस्त रहता है और शाम के समय ट्रैफिक का दबाव काफी बढ़ जाता है. ऐसे में खराब सड़कें और अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था लोगों की परेशानी कई गुना बढ़ा देती है. कई बार एंबुलेंस और अन्य जरूरी सेवाओं के वाहनों को भी जाम में फंसना पड़ता है.



### व्यवस्था सुधारने की मांग

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सिलिकॉन क्षेत्र की सड़कों की तुरंत मरम्मत कराई जाए और जल निकासी व्यवस्था सुधारी जाए. साथ ही चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि बारिश के मौसम में आमजन को ऐसी परेशानी न झेलनी पड़े. क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो हालात और बिगड़ सकते हैं. स्थानीय रहवासी दीपक पाटीदार सहित अन्य नागरिकों ने नगर निगम, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से जल्द कार्रवाई की अपील की है।



## महिलाओं को सिखाया सीड बॉल्स बनाना

**इंदौर.** रेनबो लेडीज़ क्लब इंदौर के मासिक कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें समाज सेविका डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ने क्लब की सदस्यों को सीड बाल्स कब, कैसे, किन बीजों से बनाना और इनको किस तरह से जंगलों और पहाड़ी एरिया में बिखराना चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा बीज अंकुरित होकर वृक्ष बन सकें ये बताया और सिखाया. साथ ही बने हुए सीड बाल्स सदस्यों को वितरित भी किए. ये जानकारी क्लब की संरक्षक मीनाक्षी पुराणिक ने दी, वीना श्रीवास्तव, रजनी सुंगधी, शैली सूद, जयश्री वीरानी, सुशील मित्तल, अंकीता पाटीदार द्वारा अपने अपने क्षेत्र में समाज हित में किए जा रहे कार्यों का ब्यौरा दिया गया, आभार ईशा हिंगोरानी द्वारा दिया गया.

## जिला कोर्ट बार में अधिवक्ताओं को दिए साइबर सुरक्षा के टिप्स

ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए किया जागरूक

**इंदौर. बढ़ते साइबर अपराधों के बीच इंदौर पुलिस के सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत जिला कोर्ट बार एसोसिएशन में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें अधिवक्ताओं और बार स्टाफ को ऑनलाइन ठगी के नए तरीकों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई.**



कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त क्राइम राजेश दंडोतिया ने बताया कि साइबर अपराधी फर्जी लिंक, डिजिटल अरेस्ट, फेक इन्वेस्टमेंट स्कीम, ओटीपी फ्रॉड, स्क्रीन शेयरिंग एप, फर्जी कस्टमर केयर नंबर और सोशल मीडिया के जरिए लोगों को निशाना बना रहे हैं. उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते समय सतर्क रहने और किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने की सलाह दी. उन्होंने कहा कि बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें. साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन या एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर नुकसान को रोका जा सके. कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने साइबर सुरक्षा से जुड़े सवाल भी पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने समाधान किया.

## युवाओं में संस्कारों का संरक्षण सबसे बड़ी समाज सेवा

**इंदौर. अंतरराष्ट्रीय समाज सेवी संगठन के रोटरी क्लब ऑफ़ इंदौर मार्शल्स के वर्ष 2026-27 की नवीन कार्यकारिणी के वार्षिक दायित्व ग्रहण एवं शपथ समारोह आयोजित किया गया.**



समारोह में मुख्य अतिथि डॉ अवधेश प्रताप सिंह, अध्यक्ष म.प्र.मानव अधिकार आयोग ने अपने उद्बोधन में समाज सेवा कार्यों के लिए क्लब के नवागत अध्यक्ष रो.कैलाश राठी व पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि मानवता की सेवा जीवन का श्रेष्ठ कार्य हैं. इस ध्येय को चरितार्थ करने का कार्य रोटरी द्वारा किया जाता है. पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि क्षेत्र में सेवा प्रकल्पों के माध्यम से समाज सेवा की जाती है जो सराहनीय कार्य है. आज के प्रदूषित वातावरण में समाज में मूल्यों एवं युवाओं में संस्कारों का संरक्षण समय की मांग है. उन्होंने आगे कहा कि आज के वातावरण में सामाजिक व पारिवारिक मूल्यों के क्षरण को रोकना एवं इन मूल्यों का संरक्षण और नई पीढ़ी में संस्कारों का संवर्धन सबसे बड़ी समाज सेवा है.

### पदाधिकारियों को शपथ दिलाई

प्रारंभ में शपथ अधिकारी डीजीएन सुखदेव सिंह घुम्मन द्वारा क्लब के अध्यक्ष कैलाश राठी, सचिव हेमंत तिवारी सहित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई. कार्यक्रम में उपस्थित मंडलाध्यक्ष संस्कार कोठारी एवं सहायक मंडलाध्यक्ष विवेक तातेड़ द्वारा विचार व्यक्त कर रोटरी गतिविधियों की जानकारी दी गई. इस अवसर पर क्लब के निवर्तमान अध्यक्ष, नवीन कार्यकारिणी पदाधिकारी, विभिन्न क्लबों से आये पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में गणमान जन एवं रोटरी के सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे.

## एमवाय के मरीजों को दवाइयां भेंट



इंदौर. ब्राह्मण सेवा संगठन के सर्वसमाज सेवा प्रकल्प निरामय सेवा संजीवन द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा के अपने संकल्प के अनुरूप 29वीं बार एमवाय हॉस्पिटल में आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद रोगियों की मादा के उद्देश्य से सहायता सीनियर सिटीजन ग्रुप को 90 हजार रुपए बाजार मूल्य की दवाइयां भेंट की गई. संगठन के अध्यक्ष पं. सत्येन्द्र शर्मा एवं मीडिया प्रभारी पं. नीलाभ सुगंधी ने बताया कि संगठन के संरक्षक पं. अनुपम तिवारी, पं. राजेंद्रङ्कममता शर्मा सहित संगठन के अन्य पदाधिकारियों द्वारा दी गई सहायता से यह सेवा कार्य किया गया. इस अवसर पर पीड़ित मानवता की सेवा में जुटे अशोक चौरड़िया, गुणवंत होलकर, प्रभाष जैन एवं आनंद पांडे का केशरिया दुपट्टे से स्वागत किया गया. चौरड़िया ने संगठन द्वारा संचालित की जा रही निशुल्क सेवा वाहन, चिकित्सा उपकरण केंद्र, डायलिसिस सहायता एवं सामूहिक विवाह आदि सेवा कार्यों की सराहना की. इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा, सरोज कौशिक, अशोक शर्मा, रामचंद्र दुबे, मुकेश शर्मा मामा, राजू शास्त्री, कमल शर्मा तथा मातृशक्ति की ओर से संगीता शर्मा, ममता शर्मा, संतोष शर्मा, आरती मिश्रा, कविता शर्मा, अंशु दीक्षित, सुनीता पाठक, सीमा ओझा, रीता शास्त्री एवं सुनीता शर्मा भी उपस्थित थे. विशाल शर्मा ने आभार माना.

## यह देश के सबसे स्वच्छ शहर की तस्वीर...



इंदौर. चोइथराम फूल मंडी के बाहर कचरे के ढेर बता रहे हैं स्वच्छता अभियान की वास्तविकता. यही हालात रहे तो क्या इंदौर स्वच्छता का सिरमौर बना रहेगा ?

## शिक्षित व जागरूक परिवार सशक्त समाज की आधारशिला

**इंदौर. विश्व जनसंख्या दिवस के पूर्व तहसील विधिक सेवा समिति, देपालपुर द्वारा सबजेल, देपालपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान के मुख्य आतिथ्य में किया गया.**




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने कहा कि आज का कार्यक्रम मानव जीवन के सम्मान, परिवार की गरिमा, कानून के प्रति आस्था तथा एक जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लेने का दिवस है. जिला न्यायाधीश ने कहा कि एक शिक्षित, स्वस्थ, जागरूक और उत्तरदायी परिवार ही सशक्त समाज की आधारशिला है और विधिक साक्षरता का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को उसके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाकर न्यायपूर्ण एवं समरस समाज का निर्माण करना है. कार्यक्रम में सीनियर सिविल जज रिजवाना कौसर, सुमित्रा ताहेड़, दिव्या श्रीवास्तव, सहायक जेल अधीक्षक आर.एस. कुशवाह, प्रमुख मुख्य प्रहरी रामेश्वर झणिया, मुख्य प्रहरी रामकरण सोनगरे, प्रहरी भैरम सिंह धाकड़, विवेक शर्मा, रविंद्र सोलंकी, एकता पटेल, नायब नाजिर दिलीप यादव सहित संपूर्ण जेल स्टाफ एवं बंदीगण उपस्थित रहे.

एक नजर में

पीड़ित परिवार ने लगाई सुरक्षा की गुहार, होटल मनाल के सामने हुड़दंग कर दी जान से मारने की धमकी

# दहशत का पर्याय बना 27 मुकदमों वाला आदतन अपराधी गैंग

सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना

**महू. किशनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम करोंदिया चौपाटी निवासी इफ्तिखार कुरैशी ने इंदौर आईजी, ग्रामीण एसपी सहित आला पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपकर क्षेत्र के कुख्यात बदमाशों से अपने परिवार की जान-माल की सुरक्षा की मांग की है. पीड़ित का आरोप है कि इलाके का एक शातिर गैंग उन पर पुराने आपराधिक मामले वापस लेने और राजीनामा करने का लगातार दबाव बना रहा है. बात न मानने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं, जिससे घर के बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग खौफ के साए में जीने को मजबूर हैं.**

शिकायतकर्ता इफ्तिखार कुरैशी ने पुलिस को बताया कि आरोपी उनके खिलाफ लगातार झूठी और मनगढ़ंत शिकायतें दर्ज करवा रहे थे, जिन्हें पुलिस ने जांच में फर्जी पाया. इस रंजिश में करीब दो महीने पहले आरोपी हारिश पटेल, शाकिर पटेल, इकरामुद्दीन उर्फ गोल्डन पटेल और उनके साथियों ने एक राय होकर पीड़ित के बुजुर्ग पिता अब्दुल खालीक को चौपाटी चौराहे पर स्कॉर्पियो गाड़ी से जोरदार टक्कर मार दी थी. इस जानलेवा हमले में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए और वर्तमान में चलने-फिरने से लाचार हैं. इस घटना का मुकदमा पहले से ही महू न्यायालय में विचाराधीन है.

### कार्यालय के बाहर हुड़दंग और हथियारों का प्रदर्शन

ताजा घटना बीती रात की है. पीड़ित के मुताबिक, आरोपियों ने अपने साथी अक्कू लाला के जन्मदिन के बहाने एक बार फिर बड़ी साजिश रची. आरोपी होटल मनाल के सामने स्थित पीड़ित के ऑफिस के बाहर पहुंचे और शांतिभंग करने का प्रयास किया. इस दौरान बुलेट मोटरसाइकिल से लगातार पटाखे जैसी आवाजें निकाली गईं, गालीगलौज की गई और काली फिल्म लगी गाड़ियों में हथियारों का प्रदर्शन कर दहशत फैलाई गई. आरोपियों ने वाहनों पर अवैध रूप से प्रशासनिक सायरन हुड़दंग हूटर भी लगा रखे थे. यह पूरी वारदात ऑफिस के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसका वीडियो फुटेज पुलिस को सौंप दिया गया है.

### सेना की जमीन पर कब्जा और 27 से ज्यादा केस दर्ज

इफ्तिखार कुरैशी द्वारा की गई शिकायत के अनुसार, आरोपी हारिश पटेल, शाकिर पटेल और इकरामुद्दीन उर्फ गोल्डन निवासी गोपालपुरा बंजारी आदतन अपराधी हैं. इस गैंग के खिलाफ विभिन्न थानों में 27 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं. साथ ही इन पर जिला बदर की कार्रवाई भी लंबित है. इतना ही नहीं, आरोपी इकरामुद्दीन पर भारतीय सेना के जवानों की काल्याणसी खेत स्थित निजी भूमि पर अवैध रूप से खनन करने का भी आरोप है, जिसके संबंध में सैन्य अधिकारियों द्वारा सागौर थाने में एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है.

### पीड़ित परिवार ने की तत्काल कार्रवाई की मांग

लगातार मिल रही धमकियों और हालिया हुड़दंग की घटना से घबराए पीड़ित परिवार ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से गुहार लगाई है कि सीसीटीवी फुटेज और पुराने रिकॉर्ड के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ तत्काल सख्त धाराओं में मामला दर्ज किया जाए. पीड़ित ने मांग की है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर उन्हें व उनके परिवार को उचित सुरक्षा प्रदान की जाए.